छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा | एकादश सत्र | अंक-01

रायपुर, सोमवार, दिनांक 27 फरवरी, 2017

(फाल्गुन 8, शक संवत् 1938)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

वन्दे मातरम् की धुन बजाई गई ।

2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार माननीय राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई।

माननीय राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि माननीय राज्यपाल महोदय अभिभाषण की कंडिका 1, 2, 3, 67 एवं 68 ही पढ़ेंगे तथा शेष अभिभाषण पढ़ा हुआ माना जाएगा ।

माननीय राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण दिया।

(राष्ट्रगान जन गण मन की धुन बजाई गई।)

माननीय राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया।

(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)

माननीय अध्यक्ष के आदेश के अनुसरण में प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा माननीय राज्यपाल द्वारा सभा में दिये गये अभिभाषण की प्रति सभा पटल पर रखी गई ।

3. राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री शिवरतन शर्मा, सदस्य द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि माननीय राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए छत्तीसगढ़ विधान सभा के इस सत्र में समवेत् सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

श्री अवधेश सिंह चंदेल, सदस्य ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 1 एवं 2 मार्च, 2017 की तिथियाँ निर्धारित करने तथा उक्त प्रस्ताव पर मंगलवार, दिनांक 28 फरवरी, 2017 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में संशोधन प्राप्त करने की घोषणा की गई ।

4. अध्यक्षीय घोषणा

मुझे सदन को सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दिनांक 28 फरवरी, 2017 से दूरदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा दूरदर्शन मध्यप्रदेश के डी.टी.एच. प्लेटफार्म पर प्रश्नकाल का प्रतिदिन 11.00 बजे से सीधा प्रसारण होगा एवं बजट भाषण का भी दिनांक 06 मार्च, 2017 को अपराह्न 12.30 बजे सीधा प्रसारण होगा।

उक्त प्रसारण सभी सर्विस प्रोवाईडर पर भी देखा जा सकेगा।

5. सदन को सूचना

आज सोमवार, दिनांक 27 फरवरी, 2017 को सभा की बैठक स्थगित होने के पश्चात् अपराह्न 12.30 बजे सचिवालय परिसर स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रेक्षागृह में पूज्य श्री गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी समस्त माननीय सदस्यों को संबोधित करेंगे।

कृपया निर्धारित समय से पूर्व ऑडिटोरियम में अपना स्थान ग्रहण करेंगे। माननीय सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था सेन्ट्रल हॉल में रखी गई है।

पूर्वाह्न 11.27 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 28 फरवरी, 2017 (फाल्गुन-9, शक संवत् 1938) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा